DOON UNIVERSITY
NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

महिलाओं का दायित्व पुरुषों की तुलना में कमतर नहीं : प्रो. डंगवाल

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शहर में जगह-जगह हुए आयोजन

माई सिटी रिपोर्टर

देहरादून। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शहर में जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित हुए। सारीथॉन कार्यक्रम में नारी शक्ति का काफिला निकाला गया। इसमें 20 वर्ष से लेकर 90 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं ने भाग लिया।

वहीं, दून विवि में हुए कार्यक्रम में कुलपति प्रो सुरेखा डंगवाल ने कहा कि किसी भी संस्थान में हमारा दायित्व पुरुष कर्मियों की तुलना में कहीं भी कमतर नहीं है। सारीथॉन का आयोजन मशहूर लेखिका, समाजसेविका वेणु अग्रहरी ढींगरा की ओर से किया गया। प्रेस क्लब में हुए इस कार्यक्रम में देहरादून की विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि गीता धामी, बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना, आईएमए कमांडेंट की पत्नी पुनीता जैन रहीं। कार्यक्रम में 90 वर्ष की शैल ढींगरा समेत कई महिलाएं शामिल हुईं।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दून विश्वविद्यालय में आयोजित संवाद कार्यक्रम में मौजूद विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल व अन्य महिलाएं। संवाद

महिला दिवस मनाया

सामाजिक संस्था जनजागरण अभियान समिति ने करनपुर डीएल रोड के निकट मलिन बस्ती में केक काटकर विश्व महिला दिवस मनाया। जनजागरण अभियान समिति की टीम ने सेनेटरी पैड का वितरण भी किया। इस दौरान निहारिका तिवारी, अंशु प्रसाद, आशना श्रीवास्तव और मानसी मौजूद रहीं।

प्रतिभा दिखा रहीं महिलाएं

नेताजी संघर्ष समिति के कार्यालय कांवली रोड पर गोष्ठी की गई। अध्यक्षता प्रभात डंडरियाल और संचालन आरिफ वारसी ने किया। प्रभात डंडरियाल और आरिफ वारसी ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखा रही हैं। गोष्ठी में सुरेश कुमार, चिंतन सकलानी, सुशील विरमानी, रणजीत जोशी, पारस यादव, संदीप गुप्ता, दानिश नूर आदि लोग उपस्थित रहे।

News paper – Amar Ujala
Date – 09.03.2024